आरे-बीकेसी मेट्रो लाइन के काम ने पकड़ी रफ्तार

MMRC के पास अब 9 रेक में से 5 रेक, सीट होंगी चौड़ी, कई सुविधाओं से होंगे लैस

वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे तक विस्तार करने की योजना

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** आरे से बीकेसी मेट्रो लाइन के लिए मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरसी) को आवश्यक 9 रेक में से 5 रेक प्राप्त हो गए हैं. इन रेक का निर्माण एल्सटॉम द्वारा किया जा रहा है. इन ट्रेनों का परीक्षण फिलहाल आरे में स्थित एमएमआरसी के डिपो में किया जा रहा है. आरे से बीकेसी मेट्रो लाइन अंडरग्राउंड मेट्रो है. यह मेट्रो लाइन 12 किलोमीटर लंबी है, जो की मुंबई मेट्रो-3 प्रोजेक्ट का हिस्सा है. इस मेट्रो लाइन के खुलने की संभावना दिसंबर तक बताई जा रही है. 8 कोच वाले इन रेक की क्षमता 2,072 यात्रियों की है. रेक कई सुविधाओं से लैस होंगे, जो इन्हें मौजूदा रेक की तुलना में अधिक आरामदायक और अच्छा बनाता है. यह रेक पूरी तरीके से एयर कंडीशनिंग होंगे, इनकी सीट चौड़ी होंगी, मोबाइल या लैपटॉप चार्जिंग के लिए यूएसबी पोर्ट होगा. सितंबर के अंत तक एमएमआरसी बचे हुए रेक प्राप्त करने की उम्मीद जता रही है. जैसे ही एक बार सभी रेक प्राप्त हो जाएंगे, उसी के बाद एमएमआरसी आरे-बीकेसी मेट्रो कॉरिडोर पर ट्रायल रन शुरू कर देगा. आरे-बीकेसी मेट्रो का चालू होना मुंबई मेट्रो के चरण 3 प्रोजेक्ट के लिए एक प्रमुख मील का पत्थर होगा.